वाद संख्या - 35/2023 द॰ प्र॰ सं॰ 144

अमृत प्रसाद वगैरह ———————— प्रथम पक्ष

बनाम

गोविंद रजक ———————— द्वितीय पक्ष

आदेश की क्र0 सं0 और तारीख	आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर	आदेश पर की गई कार्यवाई के बारे में टिप्पणी तारीख सहित
8/5/23.	आदेश आदेश हेतु अभिलेख उपस्थापित। प्रश्नागत वाद प्रथम पक्ष के आवेदन के आलोक में प्रारम्भ किया गया। प्रथम पक्ष के अनुसार उनके पूर्वजो को प्रश्नागत भूमि खतियान से हासिल है जिसका विवरण निम्नवत है । ग्राम + मौजा – खेतको, थाना – बगोदर, थाना नं0 – 257, खाता नं0 – 82, प्लॉट नं0 – 2374, रकबा – 28 डी0, चौहदी उ0 – बाबू राम सुण्डी, दं0 – मुंगिया वो झनिया सुण्डीन पू0 – हिरवा नायक पं0 – रास्ता वो प्लॉट नं0 – 2382 रकबा – 22 डी0 चौहदी उ0 – मसोमात मुंगिया, दं0 – कोकिल सुण्डी, पू0 – भातुवा तेली, पं0 – रास्ता। द्वितीय पक्ष के द्वारा वादग्रस्त भुमि पर बलपूर्वक हडपने की नियत से मकान बना रहे हैं। इस कारण से काफी विवाद हो रहा है। प्रथम पक्ष के अनुसार वादग्रस्त भूमि खतियानी रैयती जमीन है जो मेरे पूर्वज बैजू सुण्डी वगैरह को हासिल है तथा अंचल कार्यालय बगोदर के मांग पंजी – II, भाग संख्या – 1, पेज नं0 – 89, में थानु सुण्डी वगैरह के नाम पर जमाबंदी कायम होकर अधतन सरकारी रसीद निर्गत होता आ रहा है। आवेदक के द्वारा अपने दावे के समर्थन में खतियानी की छायाप्रति सरकारी मालगूजारी रसीद संख्या – $\frac{JH}{20}A090020$ वर्ष 2016 का छायाप्रति ऑनलाईन पंजी – II की प्रति दाखिल किया गया। द्वितीय पक्ष की ओर से लिखित एवं मौखिक रुप से अपना पक्ष रखा गया द्वितीय पक्ष के अनुसार बजरीये केवाला संख्या – 10216 दिनांक 12/09/1966 नारो महतो वगैरह बनाम पनवा	

देवी वगैरह, मौजा – खेतको खाता नं0 – 82, प्लॉट नं0 – 2374, रकबा – 28 डी0, मध्ये रकबा – 19 डी0 एवं प्लॉट नं0 – 2382, रकबा – 22 डी0, मध्ये रकबा – 17 डी0 तथा बजरीये केवाला संख्या – 2054, दिनांक 03/03/1965 को वोकला सुण्डी वल्द हिरो सुण्डी बनाम जगदीश धोबी वगैरह को खाता नं0 – 82, प्लॉट नं0 – 2374, रकबा – 28 डी0, एवं प्लॉट नं0 – 2382, रकबा – 22 डी0, मध्ये $7\frac{1}{3}$ डी0 जमीन हासिल है जिसकी जमाबंदी अंचल कार्यालय बगोदर के मांग पंजी– II भाग संख्या – 3 पेज नं0 – 116 से जगदीश धोबी के नाम पर निर्गत है।

द्वितीय पक्ष के द्वारा अपने दावे के समर्थन में बजरीये केवाला संख्या – 10216 दिनांक 1209/1966, केवाला संख्या – 2054 दिनांक 03/03/1965 की छायाप्रति, ऑनलाईन मालगुजारी रसीद संख्या – 0382983249 की छायाप्रति दाखिल किया गया।

थाना प्रभारी बगोदर के जॉच प्रतिवेदन एवं उभय पक्षों के द्वारा दाखिल दस्तावेज का अवलोकन से स्पष्ट होता है कि उभय पक्ष एक ही भुमि पर अपने स्वामित्व एवं दखल का दावा कर रहें हैं, जिसका निष्पादन इस वाद में नही हो सकता है।

अतः उक्त विवेचन के आलोक में वाद की कार्यवाही समाप्त की जाती है।

लेखापित।

अनुमंडल दण्डाधिकारी
बगोदर–सरिया

अनुमंडल दण्डाधिकारी
बगोदर–सरिया

Digitally signed by KUNDAN KUMAR
Date: 2023.08.24 11:50:22 +05:30
Location: 192.168.1.12